# अमर उजाला

बरेली
सोमवार, ९ फरवरी २०२६


**PAGE NO : 07 MIDDLE**

# युवाओं को नौकरी खोजने के बजाय देने वाला बनना चाहिए : प्रो. प्रदीप

## एसआरएमएस ट्रस्ट के इंजीनियरिंग कॉलेजों का 25वां दीक्षांत समारोह धूमधाम से संपन्न

अमर उजाला ब्यूरो

बरेली। भारत के युवाओं को नौकरी खोजने के बजाय देने वाला बनना चाहिए। ऐसा तब होगा, जब छात्र अपने व्यक्तित्व का विकास करेंगे। साथ ही राष्ट्र सेवा समाज सेवा के प्रति समर्पित रहेंगे। यह बातें मुख्य अतिथि नेशनल टेस्टिंग एजेंसी नई दिल्ली के चेयरमैन प्रोफेसर डॉ. प्रदीप कुमार जोशी ने श्रीराम मूर्ति स्मारक कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी संस्थान में रविवार को आयोजित 25वें दीक्षांत समारोह में कहीं।

विशिष्ट अतिथि स्पेस एप्लीकेशन सेंटर इसरो अहमदाबाद के हेड-एम्पलीफायर डिवीजन की साइंटिस्ट पूजा श्रीवास्तव ने 'किस तरह कर्म से सिद्धि की प्राप्ति हो सकती है' इसके लिए गुरु मंत्र दिया। अध्यक्षता करते हुए डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम तकनीकी विवि के कुलपति प्रोफेसर डॉ. जय प्रकाश पांडेय ने कहा कि सकारात्मक व्यवहार के साथ प्रतिबद्ध होकर कोई व्यक्ति यदि अपनी सारी ऊर्जा को किसी लक्ष्य के लिए समर्पित कर दे तो वह किसी भी लक्ष्य को प्राप्त कर सकता है।

अतिथियों के साथ एसआरएमएस ट्रस्ट के प्रबंध न्यासी देव मूर्ति, ट्रस्ट सेक्रेटरी आदित्य मूर्ति, गुरु नारायण मेहरोत्रा, सीईटी के प्रिंसिपल डॉ. प्रभाकर गुप्ता, सीईटीआर के डीन डॉ. शैलेश सक्सेना व आईबीएस के डीन डॉ. तरुण सिंह गंगवार ने स्वतंत्रता सेनानी, पूर्व मंत्री दिवंगत श्रीराम मूर्ति की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। प्राचार्य प्रोफेसर डॉ. प्रभाकर गुप्ता ने वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की।

इस मौके पर आदित्य मूर्ति, आशा मूर्ति, ऋचा मूर्ति, देविशा मूर्ति, प्रोफेसर श्यामल गुप्ता, उषा गुप्ता आदि मौजूद रहीं। संचालन रुचि शाह व आभार डायरेक्टर टीडीपी डॉ. अनुज कुमार ने व्यक्त किया।




एसआरएमएस ट्रस्ट के इंजीनियरिंग कॉलेजों में आयोजित दीक्षांत समारोह में मौजूद मेधावी और अतिथि। संवाद

### 305 छात्र-छात्राओं को वितरित कीं उपाधियां व प्रशस्ति पत्र

कार्यक्रम में बीटेक, बीफार्मा, एम फार्म, एमटेक, एमबीए, एमसीए (श्रीराम मूर्ति स्मारक कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी बरेली, श्रीराम मूर्ति स्मारक कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग टेक्नोलॉजी एंड रिसर्च बरेली), एमबीए (श्रीराम मूर्ति स्मारक आईबीएस, उन्नाव), बीए-एलएलबी (लॉ कॉलेज, बरेली) पाठ्यक्रमों में सत्र 2024-2025 में उत्तीर्ण 305 छात्र-छात्राओं को उपाधियां, प्रशस्ति-पत्र एवं पदक वितरित किए गए।

### स्किल यूनिवर्सिटी स्थापित करने की तैयारी

एसआरएमएस ट्रस्ट के प्रबंध न्यासी देव मूर्ति ने एसआरएमएस ट्रस्ट की ओर से विमको फैक्ट्री खरीदे जाने की भी जानकारी दी। कहा कि यहां ट्रस्ट द्वारा आठ फैकल्टी के साथ स्किल यूनिवर्सिटी स्थापित करने की तैयारी है। इसके साथ ही यहां पर 150 बेड का अत्याधुनिक हॉस्पिटल एवं मेडिकल ट्रामा सेंटर, इंडस्ट्रियल पार्क, आईटी पार्क व को-वर्किंग स्पेस भी विकसित किया जाएगा।